आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.09.2025 समय : 1905

- मध्य प्रदेश के धार में प्रधानमंत्री ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और भारत के सबसे बड़े एकीकृत वस्त्र केन्द्र का शुभारंभ किया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिचहत्तरवें जन्मदिन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और वैश्विक नेताओं की बधाई। बोहरा समुदाय ने की लम्बी उम्र और सफलता के लिए विशेष प्रार्थनाएं।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मछुआरों को उपकरणों पर सब्सिडी देने की घोषणा। जनजातीय मछुआरों को मिलेगा पिचहत्तर प्रतिशत तक का लाभ।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउन्ड में राष्ट्रीय अभियान के तहत महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर राज्य में आदि सेवा पर्व का उद्घाटन भी किया। श्री मोदी ने धार जिले के भैंसला गांव में भारत के पहले पी.एम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एकीकृत वस्त्र केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मातृ वंदना योजना के तहत पन्द्रह लाख से अधिक महिलाओं को धनराशि भी हस्तांतरित की। उन्होंने महिलाओं से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच करवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान खरीदी जाने वाली हर वस्तु भारत में बनी होनी चाहिए। श्री मोदी ने व्यापारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि वे जो कुछ भी बेचें वह भारतीय मूल का हो। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर समूचे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है। पार्टी सेवा पखवाड़े के दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि श्री मोदी ने अपने असाधारण नेतृत्व से देश में महान लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और एक लेख में प्रधानमंत्री को सच्चे नेतृत्व का प्रतीक बताया, जो संकट के समय में राष्ट्र के मार्गदर्शक और हाशिए पर रहने वाले लोगों का उत्थान करने वाले नेता हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में विशाल रक्तदान अभियान चलाया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के आई टी ओ में रक्तदान किया, जबकि स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शिविर का दौरा किया और इसके प्रयासों की सराहना की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय, परिवर्तनकारी और विश्वसनीय नेता हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री को सत्ताईस अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय नेता से अधिक हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके पचहत्तरवें जन्मदिन के अवसर पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित कई प्रमुख वैश्विक नेताओं ने बधाई दी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत और रूस के बीच साझेदारी को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान की सराहना की। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। इसके अलावा, श्रीलंका में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विशेष प्रार्थनाएँ आयोजित की गईं। कोलंबो में बोहरा समुदाय ने मस्जिद में प्रार्थना की, जिसमें मोदी के स्वास्थ्य और नेतृत्व के लिए आशीर्वाद मांगे गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी और रूस–यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया, जिसे भारत और अमेरिका के रिश्तों को मजबूत करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग ने मछुआरों को जीवन रक्षक, अग्निशमन और नौवहन उपकरणों की खरीद पर सब्सिडी देने की घोषणा की है। यह सहायता वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए दी जाएगी। सामान्य मछुआरों को पचास प्रतिशत और जनजातीय मछुआरों को पचहत्तर प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। पात्र मछुआरों के पास वैध मछली पकड़ने का लाइसेंस और पंजीकृत नाव होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक तीस सितम्बर तक अपने आवेदन निकटतम मत्स्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं। योजना से संबंधित जानकारी अंडमान प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर को नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दी। आज, हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं जिन पर वस्तु और सेवा कर बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

<><><><><><><>

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान PHC बिलिग्राउंड में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट देखा गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ANMs द्वारा अस्पताल परिसर में पोषण, स्वच्छता और निवारक स्वास्थ्य पर आधारित नाटक, योग प्रदर्शन, आयुष परामर्श और स्वस्थ रेसिपी प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। कुल एक सौ एक प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिसने निवारक स्वास्थ्य, पोषण, टी.बी उन्मूलन और महिला कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

<><><><><><><>